**1 (Sem–6/FYUGP) HIN 61 MJ**

**2026**

HINDI

( Major )

Paper : HIN0600104

**( पाश्चात्य काव्यशास्त्र )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) कॉलरिज का पूरा नाम क्या है?

(ख) उदात्त-सिद्धांत का प्रतिष्ठापक कौन है?

(ग) अभिव्यंजनावाद-सिद्धांत का प्रतिष्ठापक कौन है?

(घ) प्लेटो के गुरु कौन थे?

(ङ) सार्त्र का नाम किस 'वाद' से जुड़ा हुआ है?

(च) 'रोमांटिसिज्म' के लिए हिन्दी में किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

(छ) विलियम वर्ड्सवर्थ का जन्म कब हुआ था?

(ज) 'शैली' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी रूपांतरण है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) टी० एस० इलियट के सिद्धांत किन नामों से जाने जाते हैं?

(ख) अंग्रेजी साहित्य के दो स्वच्छंदतावादी कवियों के नाम लिखिए।

(ग) रिचर्ड्स के 'मूल्य-सिद्धांत' की दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) काव्यशास्त्र पर अरस्तू की दो पुस्तकों के नाम लिखिए।

(ङ) कॉलरिज के अनुसार 'कल्पना-शक्ति' क्या है?

(च) प्लेटो के दो ग्रंथों के नाम लिखिए।

(छ) यथार्थवाद साहित्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ज) 'शैली' शब्द कहाँ से व्युत्पन्न हुआ है और उसका अर्थ क्या है?

(झ) अमेरिका के कितने दार्शनिकों ने मिलकर कब 'आलोचनात्मक यथार्थवाद' नामक ग्रंथ का प्रकाशन किया?

(ञ) अस्तित्ववादी विचारधारा के प्रारम्भकर्ता कौन थे? वह कहाँ के चिंतक थे?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) शैली-विज्ञान के स्वरूप पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) प्लेटो के 'दैवी प्रेरणा सिद्धांत' पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) विलियम वड्र्सवर्थ के 'काव्य-भाषा' संबंधी विचारों को स्पष्ट कीजिए।

(घ) स्वच्छंदतावादी काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) 'कल्पना और फैंसी' को लेकर कॉलरिज के विचारों को रेखांकित कीजिए।

(च) काव्य में 'उदात्त' की अवधारणा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(छ) आइ० ए० रिचड्र्स के 'सम्प्रेषण-सिद्धांत' के मूलभूत विचारों का उल्लेख कीजिए।

(ज) अरस्तू के 'अनुकरण'-संबंधी सिद्धांत पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) प्लेटो के 'काव्य-सत्य' संबंधी सिद्धांत पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ख) अस्तित्ववाद के स्वरूप एवं महत्त्व पर विचार कीजिए।

(ग) यथार्थवाद के स्वरूप एवं महत्त्व पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(घ) अभिव्यंजनावाद-सिद्धांत पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

(ङ) निर्वैयक्तिकता संबंधी सिद्धांत की मूलभूत बातों को स्पष्ट कीजिए।

★★★